gradeup



# साप्ताहिक वन लाइनर्स

08 नवम्बर-14 नवम्बर





Prep Smart. Score Better. Go gradeup

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 8-14 नवम्बर 2019

**प्रिय पाठकों,**
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दुसरे **सप्ताह** (8-14) **नवम्बर** 2019 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. **भारतीय रिजर्व बैंक** ने किस प्रीपेड भुगतान कंपनी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया _____ **ऑक्सीजन सर्विसेज।**
**नोट:**
   - यह जुर्माना **भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** की धारा 30 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करके नियामक दिशानिर्देशों के गैर-अनुपालन के लिए लगाया गया था।
   - ऑक्सीजन सर्विसेज भुगतान प्रसंस्करण और धनराशि हस्तांतरण सेवाओं की सुविधा प्रदान करती है।
2. वैश्विक रेटिंग एजेंसी **मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस** (मूडीज) ने भारत सरकार के रेटिंग आउटलुट को किस स्तर से कम करके 'नकारात्मक' किया___ **स्थिर।**
**नोट:**
   - इसने भारत के लिए Baa2 विदेशी मुद्रा और स्थानीय-मुद्रा दीर्घकालिक जारीकर्ता रेटिंग की पुष्टि की।
   - मूडीज ने भारत की स्थानीय-मुद्रा की असुरक्षित रेटिंग और अन्य अल्पकालिक स्थानीय-मुद्रा रेटिंग की भी पुष्टि की।
   - भारतीय अर्थव्यवस्था अप्रैल और जून के बीच केवल 5.0% की वार्षिक दर से बढ़ी है, जो वर्ष 2013 के बाद से सबसे धीमी विकास दर है।
3. **बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस** ने किसानों की जरूरतों को पूरा करने और उनकी चिंताओं को दूर करने में सहायता करने के लिए कौन सा नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया ___ **'फार्मित्र' (Farmitra)।**
**नोट:**
   - यह संबंधित जानकारी भी प्रदान करता है, जिसका उपयोग वे अपनी कृषि कार्य-प्रणालियों के अनुकूलन में कर सकते हैं।
   - ऐप 'फार्मित्र' उन लोगों को भी सेवाएं प्रदान करता है जो बजाज आलियांज के ग्राहक नहीं हैं।
   - वर्तमान में, एप्लीकेशन 6 राज्यों (राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा) में लागू किया गया है।
4. रिजर्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (MFI) के उधारकर्ताओं के लिए घरेलू आय की सीमा 1 लाख से बढ़ाकर कितनी कर दी_____ **1.25 लाख रुपये।**
**नोट:**
   - इस कदम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक पिरामिड के निचले वर्ग को ऋण को प्रदान करना है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इसी तरह, शहरी या अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लिए सीमा को 1.6 लाख से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है।
- माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशन द्वारा आर्थिक पिरामिड के निचले भाग के लोगों तक ऋण पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और बढ़ती अर्थव्यवस्था में उनकी निर्धारित भूमिका पर विचार करने के बाद सीमा को बढ़ा दिया गया।

**5.** सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक जिसने सभी ऋण की ब्याज दरों में कितने आधार अंकों की कमी की____**भारतीय स्टेट बैंक।**

**नोट:**

- इसने 15 और 75 आधार अंकों के बीच जमा मूल्य में भी कमी की है। यह 10 नवंबर से प्रभावी होगा।
- इस वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा ऋण दरों में यह लगातार सातवीं कटौती है।
- बैंक ने खुदरा सावधि जमा पर ब्याज दर को एक वर्ष के लिए 15 आधार अंकों से घटाकर दो वर्ष से कम कर दिया।
- बड़े सावधि जमा पर ब्याज दरों में 30 से 75 आधार अंकों की कमी की गई है।

6. प्रगतिशील सिंगापुर-भारत फिनटेक पारिस्थितिक तंत्र के एक भाग के रूप में SFA के साथ किसने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए___ **फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI)।**

**नोट:**

- सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल के चौथे संस्करण के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल, सिंगापुर वीक ऑफ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच है जिसे 11-13 नवंबर 2019 तक आयोजित किया गया।

**7.** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की आर्थिक अनुसंधान टीम ने वित्त वर्ष 2020 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को किस दर पर संशोधित किया____ **5%।**

**नोट:**

- यह कमी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में वैश्विक मंदी के कारण थी।
- SBI आर्थिक अनुसंधान समूह ने अपनी "EcoWrap" शीर्षक वाली रिपोर्ट में दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 4.2% होने का अनुमान लगाया है।

**8.** कर्नाटक में कई अन्य जिलों सहित कलाबुरगी में मोबाइल ATM किसने शुरू किया __ **कर्नाटक ग्रामीण बैंक (KGB)।**

**नोट:**

- विशेष वाहन में एक ATM और विभिन्न बैंकिंग योजनाओं के वीडियो दिखाने के लिए एक स्क्रीन होगी।
- मोबाइल ATM किसानों के घर-घर जाकर उन्हें बैंकिंग योजनाओं और डिजिटल ऑपरेटिंग सिस्टम से अवगत कराएंगे।

**9.** अपने ग्राहकों को विशिष्ट बैंकिंग और डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष बचत खाते के साथ सावधि जमा (FD) और एक इंस्टेंट डिजिटल बचत खाता (SA) शुरू किया ____**उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक**

**नोट:**

- **इंस्टेंट डिजिटल SA खाता:** इस खाते में 1 लाख रुपये जमा का प्रतिबंध है और इसमें प्रति माह बैंक के अपने ATM (automated teller machine) पर असीमित नि:शुल्क लेनदेन और अन्य बैंकों के ATM पर 6 नि:शुल्क लेनदेन हैं।
- **इंस्टेंट FD (सावधि जमा):** 5.5% (7 दिन से 29 दिन) से लेकर 8.3% (799 दिन) तक ब्याज दर के साथ ग्राहक बचत खाते के बिना इस खाते में अधिकतम 1 लाख रुपये तक का निवेश कर सकते हैं।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## श्रद्धांजलियां

1. पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) जिनका चेन्नई में निधन हो गया _____ **टी.एन. शेषन।**

   **नोट:**

   - टी.एन. शेषन ((86 वर्षीय)) को पी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान 12 दिसंबर, 1990 में मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था।
   - उन्हें चुनावी सुधार लाने का व्यापक श्रेय दिया जाता है जिसने भारतीय चुनावों का चेहरा बदल दिया।
   - ये नियम भाषणों, मतदान के दिन, मतदान केंद्रों, विभागों, चुनावी घोषणापत्रों की विषय-वस्तु, जुलूसों और सामान्य आचरण से संबंधित मुद्दे होते हैं, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित किए जा सकें।

2. पद्मश्री सम्मानित ध्रुपद गायक जिनका निधन हो गया_____ **रमाकांत गुंडेचा।**

   **नोट:**

   - उन्हें कला - भारतीय शास्त्रीय संगीत - गायन के क्षेत्र में उनके भाई उमाकांत गुंडेचा के साथ वर्ष 2012 के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया।
   - ध्रुपद भारतीय उपमहाद्वीप के हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में एक शैली है और दक्षिण भारतीय कर्नाटक परंपरा से संबंधित है।

3. साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका जिनका निधन हो गया _____**नबनीता देव सेन।**

   **नोट:**

   - वह वर्ष 2000 में पद्म श्री की प्राप्तकर्ता भी थीं। वह पश्चिम बंगाल महिला लेखक संघ की संस्थापक और अध्यक्ष हैं।
   - नबनीता देव सेन की वर्ष 1978 की 'बंगाल में नक्सल आंदोलन' पर पुस्तक अंग्रेजी में प्रकाशित हुई थी।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. **उत्तराखंड राज्य** ने अपना **19वां स्थापना दिवस** मनाया _____**9 नवंबर।**

   **नोट:**

   - मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने राज्य की राजधानी देहरादून में सांस्कृतिक शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाई।
   - उत्तराखंड 9 नवंबर, 2000 को हिमालयी और उत्तर प्रदेश के उत्तर पश्चिमी जिलों से निर्मित भारतीय गणराज्य का 27वां राज्य बना था।

2. **शांति और विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस** हर वर्ष मनाया जाता है _____**10 नवंबर।**

   **नोट:**

   - यह दिवस समाज में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका और उभरते वैज्ञानिक मुद्दों पर वाद-विवाद में जनता को शामिल करने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान देने के लिए मनाया जाता है।
   - वर्ष 2019 का विषय 'सभी जनों के लिए विज्ञान, कोई भी पीछे न छूटे' (Open science, leaving no one behind) है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**3.** राष्ट्र ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया _____**11 नवंबर।**

**नोट:**

- मौलाना अबुल कलाम आजाद एक स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के **पहले शिक्षा मंत्री** (वर्ष 1947 से 1958 तक कार्य किया) थे।
- उन्हें वर्ष 1992 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था
- मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नई दिल्ली में स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (SWAYAM 2.0) का शुभारंभ किया।

**4.** विश्व निमोनिया दिवस हर वर्ष मनाया जाता है____**12 नवंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस निमोनिया के बारे में जागरूकता फैलाता है, जो 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विश्व में सबसे घातक बीमारी है।
- विश्व निमोनिया दिवस की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी और इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे के रूप में बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- इस दिवस का उद्देश्य बचपन में होने वाली निमोनिया और अन्य आम, घातक बीमारियों से निपटने के लिए निरंतर दाता निवेश सहित कार्यवाही उत्पन्न करना है।

**5.** विश्व दयालुता दिवस (**World Kindness Day**) हर वर्ष मनाया जाता है____**13 नवंबर।**

**नोट:**

- इस वर्ष विश्व दयालुता दिवस का विषय: सहानुभूति, दुनिया भर के लोगों को "दूसरों के दर्द" को बेहतर ढंग से समझने और उनके जीवन को "सकारात्मक" रूप से स्पर्श करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**6.** **लोक सेवा प्रसारण दिवस** मनाया जाता है___**12 नवंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस अखिल भारतीय रेडियो, दिल्ली (1947 में) के स्टूडियो में महात्मा गांधी (राष्ट्रपिता) की पहली और एकमात्र यात्रा के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- महात्मा गांधी ने उन विस्थापित व्यक्तियों को संबोधित किया, जो विभाजन के बाद अस्थायी रूप से हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बस गए थे।

**7.** बाल दिवस किनकी जयंती पर हर वर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है______ **पंडित जवाहरलाल नेहरू।**

**नोट:**

- बच्चों के अधिकारों, देखभाल और शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है।
- राजनीतिक नेताओं और प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने नई दिल्ली में उनके समाधि स्थल 'शांति वन' में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
- बाल दिवस वर्ष 1964 में पहली बार पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद मनाया गया था।

**8.** विश्व मधुमेह दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**14 नवंबर।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- विश्व मधुमेह दिवस **इंसुलिन के खोजकर्ता, फ्रेडरिक बैंटिंग** के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- विश्व मधुमेह दिवस 2018 और 2019 का विषय 'परिवार और मधुमेह' (The Family and Diabetes) है।

## नई नियुक्ति

1. **शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान** को पुन: कहां का राष्ट्रपति चुना गया____**UAE.**
   **नोट:**
   - UAE की सुप्रीम काउंसिल ने चौथे पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए महामहिम **शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान** को पुन: राष्ट्रपति चुना।
   - संयुक्त अरब अमीरात सात अमीरातों अबू धाबी (जो राजधानी है), अजमान, दुबई, फुजैरा, रास अल खैमाह, शारजाह और उम्म अल क्वैन का महासंघ है।
   - प्रत्येक अमीरात एक शासक के अधीन है; साथ मिलकर, वे संयुक्त रूप से संघीय सर्वोच्च परिषद (फेडरल सुप्रीम काउंसिल) बनाते हैं।
2. मॉरीशस के प्रधानमंत्री चुनाव में किसने जीत हासिल की ____**प्रविंद जुगनाथ।**
   **नोट:**
   - मॉरीशस के पदस्थ प्रधानमंत्री **प्रविंद जुगनाथ** ने पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण की।
   - श्री जुगनाथ का शपथ ग्रहण राष्ट्रपति बार्लेन व्यापोरी के आवास पर हुआ।
3. मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ किसने ली ____**न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही।**
   **नोट:**
   - तमिलनाडु के **राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित** ने न्यायमूर्ति साही को पद की शपथ दिलाई।
   - न्यायमूर्ति साही ने विजया ताहिलरामनी की जगह ली जिन्होंने मुख्य न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दिया था।
   - इससे पहले, न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।
4. मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसने शपथ ली ____ **न्यायमूर्ति मुहम्मद रफीक।**
   **नोट:**
   - मेघालय के **राज्यपाल तथागत रॉय** ने उन्हें शिलांग स्थित राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
   - श्री रफीक ने अजय कुमार मित्तल की जगह ली जो अब मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं।
   - उन्होंने दो बार राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया है।
5. पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जिन्हें **वित्तीय मामलों की संसदीय स्थायी समिति** के लिए नामित किया है____ **मनमोहन सिंह।**
   **नोट:**
   - मनमोहन सिंह जून 2014 में उच्च सदन में समाप्त हुए अपने कार्यकाल से पूर्व सितंबर 2014 से मई 2019 तक समिति के सदस्य थे।
   - अगस्त 2019 में, मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था।
6. पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ किसने ग्रहण की ____**न्यायमूर्ति संजय करोल।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में न्यायमूर्ति करोल को पद की शपथ दिलाई।
- पटना उच्च न्यायालय बिहार राज्य का उच्च न्यायालय है, जिसे 3 फरवरी 1916 को स्थापित किया गया था और बाद में भारत सरकार अधिनियम 1915 के तहत संबद्ध किया गया था।

**7.** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद से किसका इस्तीफा स्वीकार कर लिया ____**अरविंद गणपत सावंत (शिवसेना सांसद)।**

**नोट:**

- इससे पहले, श्री सावंत नरेंद्र मोदी सरकार में भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री थे।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

**8.** न्यूयॉर्क स्थित गैर-सरकारी संगठन के अनुसार, वर्ष 2020 के लिए विश्व स्मारक निगरानी सूची में किसे शामिल किया गया____ **बीजापुर (कर्नाटक) में सुरंगा बावड़ी।**

**नोट:**

- सुरंगा बावड़ी को दुनिया भर के 24 स्मारकों के साथ "दक्कन के पठार के प्राचीन जल तंत्र" की श्रेणी में चुना गया था।
- यह विजयपुरा में आदिल शाह- प्रथम द्वारा 16वीं शताब्दी में बनाया गया था।
- यह भूमिगत सुरंगों के माध्यम से जल आपूर्ति करने वाली प्राचीन कारेज प्रणाली के अभिन्न हिस्सों में से एक है।

9. **भारत पर्यटन विकास निगम (ITDC)** ने किन्हें नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया __ **जी. कमला वर्धन राव।**

**नोट:**

- इससे पहले, श्री जी. कमला वर्धन राव केरल सरकार के प्रधान सचिव थे।
- उन्होंने वर्ष 2014-15 में केरल पर्यटन सचिव के रूप में भी काम किया है।

**10.** यूनीलीवर का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया ____**नील्स एंडरसन।**

**नोट:**

- नील्स एंडरसन मेरीजन डेकर्स की जगह लेंगे।
- यूनीलीवर एक ब्रिटिश-डच अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता वस्तु कंपनी है जिसका मुख्यालय लंदन, यूनाइटेड किंगडम और रॉटरडैम, नीदरलैंड्स में है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने 10वें एशियाई आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन का उद्घाटन कहां किया____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश में आपातकालीन चिकित्सा और सेवाओं को उच्च प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- आपातकालीन चिकित्सा एक प्रकार की चिकित्सा विशेषता है जो गंभीर रूप से बीमार और घायल रोगियों के निदान और उपचार का प्रयास करती है।
- एशिया में, EM को पहली बार वर्ष 1984 में सिंगापुर में मान्यता दी गई थी, जिसके बाद फिलीपींस, तुर्की, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, ताइवान, मलेशिया, जापान, थाईलैंड और भारत शामिल थे।

**2.** केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने पंजाब में कहां पर अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया ____**सुल्तानपुर लोधी।**

**नोट:**

- सिख वास्तुकला पर बनाए गए रेलवे स्टेशन को पवित्र शहर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए तैयार किया गया है।
- मंत्री ने गुरु साहब के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया।

**3.** बाल संगम का 11वां संस्करण कहां शुरू हुआ____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- चार दिवसीय उत्सव बच्चों को समर्पित लोक और पारंपरिक प्रदर्शन कला और लोक रंगमंच का प्रदर्शन करेगा।
- समारोह में असम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात सहित 12 राज्य शामिल हो रहे हैं।

**4.** **सर्वोच्च न्यायालय** के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहां पर **राम मंदिर के निर्माण** का मार्ग प्रशस्त किया ____**अयोध्या।**

**नोट:**

- न्यायालय ने केंद्र सरकार को पवित्र शहर में एक प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए **सुन्नी वक्फ बोर्ड** को वैकल्पिक पांच एकड़ भूमि आवंटित करने का भी निर्देश दिया।

**5.** प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने कहां पर डेरा बाबा नानक में करतारपुर कॉरिडोर की **एकीकृत चेक पोस्ट** का उद्घाटन किया____ **पंजाब।**

**नोट:**

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉरिडोर के माध्यम से गुरुद्वारा दरबार साहिब में अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में 500 से अधिक भारतीय तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया।
- कॉरिडोर **'डेरा बाबा नानक'** (भारत के गुरदासपुर जिले में) को 'गुरुद्वारा दरबार साहिब' (पाकिस्तान के नारोवाल जिले के करतारपुर में) से जोड़ता है।
- करतारपुर गुरुद्वारा (दरबार साहिब करतारपुर) 'रावी' नदी के तट पर स्थित है, जिसे अब तक निर्मित पहला गुरुद्वारा माना जाता है।

**6.** क्षेत्रीय स्तर पर खोज एवं बचाव कार्यशाला और अभ्यास - 2019 **(ReSAREX- 2019)** किसने आयोजित किया ___**भारतीय तटरक्षक बल।**

**नोट:**

- इसने समुद्र में समन्वित तरीके से खोज और बचाव के लिए तत्परता और प्रतिक्रिया के उपायों की जांच करने के लिए यह अभ्यास किया



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- तटरक्षक बल जिला मुख्यालय - 11 (गोवा) द्वारा आयोजित दो दिनों के कार्यक्रम में खोज और बचाव कार्यशाला और टेबलटॉप अभ्यास के बाद समुद्र में खोज और बचाव अभ्यास शामिल थे।

**7.** भारत कब आयोजित होने वाले **'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन** के लिए मेजबान देश होगा____ **वर्ष 2020।**

**नोट:**

- 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन 100 से अधिक देशों की वित्तीय खुफिया इकाइयों (FIU) द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसे संयुक्त रूप से 'द एगमॉन्ट ग्रुप' के नाम से जाना जाता है।

8. मुख्य न्यायाधीश **रंजन गोगोई** ने किस पुस्तक के असमिया संस्करण का विमोचन किया ______ **'कोर्ट ऑफ इंडिया: पास्ट टू प्रेजेंट'।**

**नोट:**

- भारत के मुख्य न्यायाधीश **रंजन गोगोई** ने गुवाहाटी में पुस्तक **'कोर्ट ऑफ इंडिया: पास्ट टू प्रेजेंट'** के असमिया संस्करण का विमोचन किया।
- पुस्तक में उन ऐतिहासिक विकासों के बारे में बताया गया है जो देश के न्यायालयों के इतिहास में हुए थे।
- पुस्तक के विभिन्न अध्याय न्यायालय की ऐतिहासिक घटनाओं को बयान करते हैं।

**9. 25वां कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** (आठ दिवसीय) कहां पर स्थित नेताजी इंडोर स्टेडियम में शुरु हुआ ____ **कोलकाता।**

**नोट:**

- बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने सिने हस्तियों और सांस्कृतिक और खेल क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शहर के नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक शानदार समारोह में महोत्सव का उद्घाटन किया।
- प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक महेश भट्ट ने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में बंगाल की फिल्मों के योगदान का उल्लेख किया।
- फिल्म महोत्सव के दौरान 76 देशों की 213 फीचर फिल्में और 76 शॉर्ट और डॉक्यूमेंट्री फिल्में 17 स्थानों पर दिखाई जाएंगी।

**10. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2019** की स्वर्ण जयंती में किनके लिए तीन फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी _____ **नि:शक्तजनों।**

**नोट:**

- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2019 में **एक्सेसिबल इंडिया फिल्म्स** की स्क्रीनिंग होगी।
- यह नि:शक्तजनों के लिए ऑडियो डेयन (Audio Deion) के माध्यम से सिनेमा का आनंद प्राप्त करने हेतु समावेशी स्थानों के निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से IFFI, सक्षम भारत और यूनेस्को के बीच सहयोग है।
- यह अद्वितीय फिल्म खंड तीन फिल्मों की स्क्रीनिंग का साक्षी बनेगा, जिनमें से दो फिल्में हिंदी में - लगे रहो मुन्ना भाई और एम.एस. धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी और एक कोंकणी में - क्वेस्टो डी कन्फसाओ हैं।

**11.** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने कहां पर **27वां केंद्रीय एवं राज्य सांख्यिकीय संगठन सम्मेलन (COCSSO)** आयोजित किया ____ **कोलकाता।**

**नोट:**

- सम्मेलन का उद्घाटन भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् और MoSPI सचिव श्री प्रवीण श्रीवास्तव ने किया।
- इस वर्ष के सम्मेलन का विषय "सतत विकास लक्ष्य (SDG)" है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**12.** नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने कौन सा अपना पहला इलेक्ट्रिक प्रायौगिक विमान लॉन्च किया _____ **X-57 "मैक्सवेल"।**

**नोट:**

- इलेक्ट्रिक प्रायौगिक विमान की पहली डिलीवरी कैलिफोर्निया, अमेरिका में एम्पिरिकल सिस्टम्स एयरोस्पेस (ESAero) से ली गई थी।
- वर्तमान समय में बैटरी सीमाओं के कारण, मैक्सवेल के डिजाइन को कम यात्रियों के लिए हवाई-टैक्सी या कम्यूटर प्लेन के रूप में कम दूरी की उड़ान हेतु उपयोग किया जाता है।

**13.** केंद्र सरकार ने कितने **चिकित्सा उपकरण पार्क** स्थापित करने की मंजूरी दी ___**चार।**

**नोट:**

- चार पार्क आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में स्थापित किए जाएंगे।
- ये पार्क आवश्यक अवसंरचना प्रदान करेंगे, जहां कंपनियां आसानी से काम शुरू कर सकती हैं।
- सुपरकंडक्टिंग मैग्नेटिक कॉइल टेस्टिंग एंड रिसर्च के लिए जन सुविधा केंद्र (CFC) के निर्माण हेतु आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन की परियोजना को हाल ही में सैद्धांतिक मंजूरी दी गई थी।

**14.** **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)** के 50वें संस्करण में रूस (इस वर्ष केंद्रित केंद्रित) की कितनी फिल्में दिखाई जाएंगी _____**आठ।**

**नोट:**

- "आंद्रेई टारकोवस्की: ए सिनेमा प्रेयर', इन रूसी फिल्मों में से एक है।
- टारकोवस्की की डाक्यूमेंट्री को उनकी उत्कृष्ट कृतियों में से एक माना जाता है। यह निर्देशक के जीवन और उसके कार्यों का वर्णन करती है।
- फिल्म में, वह कलाकार की नियति और मानव अस्तित्व के अर्थ पर अपनी यादों और विचारों को साझा करते हैं।

**15.** मकड़ी की नई खोजी गई प्रजाति का नाम किसके नाम पर रखा गया_______ **सचिन तेंदुलकर।**

**नोट:**

- श्री प्रजापति गुजरात इकोलॉजिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (GEER) फाउंडेशन के एक शोध छात्र हैं।
- एक मकड़ी की प्रजाति का नाम भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के नाम पर 'मेरेंगो सचिन तेंदुलकर' रखा गया है।
- दूसरे का नाम संत कुरीकोस एलियास चावारा के नाम पर "इंडोमेरेंगो चावरापेटर" रखा गया था, जिन्होंने केरल राज्य में शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**16.** रक्षा मंत्रालय **इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX)** पहल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए कहां पर **डेफ-कनेक्ट** का आयोजन कर रहा है _____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- सम्मेलन का उद्देश्य iDEX पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारकों, रक्षा मंत्रालय, iDEX चयनित स्टार्टअप्स, पार्टनर इंक्यूबेटर्स, डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन, नोडल एजेंसियों (भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन को एक साथ लाना है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**17.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहां पर **भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले** (IITF-2019) के 39वें संस्करण का उद्घाटन किया _______**प्रगति मैदान, नई दिल्ली।**

**नोट:**

- मेले के 39वें संस्करण का विषय **'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'** है, जो भारत की एक अनूठी उपलब्धि 'विश्व बैंक के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक में वर्ष 2014 के 142वें स्थान से 63वें स्थान पर पहुंचने' से प्रेरित है।
- ऑस्ट्रेलिया, ईरान, ब्रिटेन और वियतनाम सहित कई देश 14 दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2019 में भाग लेंगे।
- इस वर्ष 'साझेदार देश' का दर्जा 'इस्लामिक गणराज्य अफगानिस्तान' को दिया गया है और 'कोरिया गणराज्य' केंद्रित देश होगा।
- मेले के इस संस्करण में बिहार और झारखंड केंद्रित राज्य होंगे।

**18.** एयर चीफ मार्शल **आर.के.एस. भदौरिया** ने **58वें इंडियन सोयाइटी ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन** (ISAM) के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन कहां किया ______ **बेंगलुरु।**

**नोट:**

- सम्मेलन का उद्देश्य एयरोस्पेस मेडिसिन के विषय में समकालीन मुद्दों और अनुप्रयोगों को संबोधित करना है।
- इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'Changing Paradigms in Aerospace Healthcare' है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. 17 देशों के संस्कृत प्रेमी कहां पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह में शामिल हुए___**नई दिल्ली।**

   **नोट:**

   - विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन के अनुसार, संस्कृत का समाज में प्रचलन जारी है क्योंकि इसका उपयोग देश भर के लोग करते हैं।
   - संस्कृत के शब्द अधिकांश भारतीय भाषाओं में पाए जाते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

2. **चक्रवात बुलबुल** ने कहां के तटीय जिलों से टकराने के बाद कम से कम दस लोगों की जान ली और 2.73 लाख परिवारों को प्रभावित किया _____ **पश्चिम बंगाल।**

   **नोट:**

   - चक्रवात ने सैकड़ों घरों को भी नुकसान पहुंचाया। लगभग दो लाख लोगों को राज्य के नौ स्थानों पर लगाए गए राहत शिविरों में भेजा गया।
   - सैकड़ों टूटे पेड़ों ने कोलकाता और इसके सीमांत क्षेत्रों में सड़क मार्ग अवरुद्ध कर दिया।

3. भावनगर बंदरगाह पर विश्व के पहले **CNG टर्मिनल** को मंजूरी देने वाली राज्य सरकार ____ **गुजरात।**

   **नोट:**

   - यूनाइटेड किंगडम स्थित फोरसाइट ग्रुप और मुंबई स्थित पद्मनाभ मफतलाल ग्रुप के बीच संयुक्त उद्यम भावनगर बंदरगाह पर CNG टर्मिनल स्थापित करने के लिए 1,900 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- प्रस्तावित CNG टर्मिनल की वार्षिक क्षमता 1.5 मीट्रिक टन होगी।
- वर्तमान में, भावनगर बंदरगाह गुजरात मैरीटाइम बोर्ड द्वारा संचालित किया जाता है, जो वार्षिक रूप से तीन मीट्रिक टन कार्गो का संचालन कर रहा है।

**4.** महाराष्ट्र के राज्यपाल **भगत सिंह कोश्यारी** के अनुरोध पर, राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने कहां पर **राष्ट्रपति शासन** लगाने की घोषणा की _______ **महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- राज्य विधान सभा को निलंबित रखा गया है।
- भारत में, किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन का अर्थ राज्य सरकार का निलंबन और प्रत्यक्ष केंद्र सरकार शासन लागू करना है।

**5.** गुजरात के मुख्यमंत्री **विजय रूपाणी** ने किनकी स्थापना में सुविधा के लिए एक ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल शुरू किया _____ **नई MSME इकाइयों।**

**नोट:**

- श्री रूपाणी ने पोर्टल के माध्यम से पहला ऑनलाइन आवेदन स्वीकृत किया और एक महिला उद्यमी को ई-मेल के माध्यम से एक प्रमाण पत्र जारी किया।

**6.** **सर्वोच्च न्यायालय** ने कांग्रेस- JD (S) के कितने विधायकों की अयोग्यता को बरकरार रखा जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में इस्तीफा दिया था ___**17।**

**नोट:**

- अब, उच्चतम न्यायालय ने उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दी।
- विधानसभा अध्यक्ष रमेश कुमार ने विधानसभा में एच.डी. कुमारस्वामी सरकार के विश्वास प्रस्ताव से पहले 17 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराया था।
- विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहने के बाद कुमारस्वामी की सरकार ने इस्तीफा दे दिया।

7. **हरियाणा सरकार** ने और अधिक फसलों को अपनी किस योजना के अंतर्गत लाने का फैसला किया है ______ **'भावांतर भरपाई योजना (BBY)।**

**नोट:**

- यह निर्णय BBY की समीक्षा बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की थी।
- BBY योजना के अंतर्गत, किसानों को सरकार द्वारा तय की गई कीमत से कम कीमत पर अपनी फसल बेचने पर मुआवजा मिलता है।

**8.** **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** कहां पर **मैत्री दिवस समारोह** (11वें संस्करण) में भाग लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश पहुंचे ______ **तवांग।**

**नोट:**

- मैत्री दिवस (नागरिक-सैन्य मित्रता) ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम, तवांग में दो दिनों के लिए मनाया जाएगा।
- श्री राजनाथ सिंह पूर्वी सियांग जिले में सिसेरी नदी पुल और राष्ट्रीय राजमार्ग -52 का भी उद्घाटन करेंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

9. राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु पांच वर्ष के लिए एक **आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC)** का गठन किसने किया___**हरियाणा।**

**नोट:**

- आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्यता पर आधारित सलाहकार समिति शामिल होगी और इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे।
- यह परिषद 5 वर्षों के लिए गठित की जाएगी, जिसमें सरकार के सदस्य परिषद के स्थायी सदस्य होंगे, जबकि निजी क्षेत्र के सदस्य 2 वर्ष के लिए कार्य करेंगे।

10. **उत्तर प्रदेश सरकार** ने राज्य के गन्ना किसानों के लिए एक विशिष्ट वेब पोर्टल और कौन सा मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया___ **ई-गन्ना ऐप।**

**नोट:**

- अब, चीनी मिलों द्वारा किसानों को गन्ना आपूर्ति की पर्ची ऑनलाइन जारी की जाएगी।
- वेब पोर्टल और ई-गन्ना ऐप गन्ना माफिया और बिचौलिए को खत्म करने और गन्ना विकास समाज को सशक्त बनाने में मदद करेगा।
- पोर्टल और ऐप पर्ची प्राप्त करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएंगे और किसानों द्वारा मिलों को गन्ना आपूर्ति में सुविधा प्रदान करेंगे और अनियमितताओं की जांच करेंगे।

11. **असम राज्य** के बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कौन सा मोबाइल एप्लिकेशन शुरू किया _____ **शिशु सुरक्षा।**

**नोट:**

- ऐप का उद्देश्य नागरिकों को भावी पीढ़ियों की सुरक्षा की नैतिक जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना है।
- ऐप का उपयोग राज्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज करने के लिए किया जा सकता है, जो सीधे आयोग में पंजीकृत होगी।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा** (USCIS) के अनुसार, अमेरिका ने **H-1B कार्य वीजा** आवेदन शुल्क में कितनी वृद्धि की घोषणा की ______ **10 अमेरिकी डॉलर।**

**नोट:**

- गैर-प्रतिदेय योग्य शुल्क H-1B चयन प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने के लिए नई इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण प्रणाली का समर्थन करेगा।
- H-1B कैप-सब्जेक्ट याचिका दायर करने के इच्छुक याचिकाकर्ताओं को पहले नामित अवधि के दौरान USCIS के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप से पंजीकरण करना होगा।
- इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण प्रणाली धोखाधड़ी को रोकते हुए अप्रवासन प्रणाली का आधुनिकीकरण करने के लिए एक व्यापक एजेंसी पहल का हिस्सा है।

2. ईरान और रूस ने कहां पर ईरान के एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र में दूसरे रिएक्टर के निर्माण के एक नए चरण की शुरुआत की _____**बुशहर।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- यह रिएक्टर वर्ष 2017 के बाद से बुशहर में आधिकारिक तौर पर निर्माणाधीन दो रिएक्टरों में से है।
- वर्ष 2015 के परमाणु समझौते, जिस पर ईरान ने रूस सहित छह प्रमुख शक्तियों के साथ हस्ताक्षर किए, ने तेहरान द्वारा बनाए जा सकने वाले परमाणु रिएक्टर और परमाणु ईंधन के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया।
- समझौते के भाग के रूप में, मास्को ने तेहरान को विद्युत उत्पादन करने वाले परमाणु रिएक्टरों के लिए उसकी जरूरतों के आधार पर ईंधन प्रदान किया।

3. पेट्रोलियम मंत्री **धर्मेंद्र प्रधान** किसके उद्घाटन सत्र में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (UAE) गए ______ **अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी एवं सम्मेलन।**

**नोट:**

- मंत्री अपने UAE समकक्ष ऊर्जा एवं उद्योग मंत्री, **सुहैल मोहम्मद फराज अल मजरौई** से मिलेंगे।
- दोनों देश द्विपक्षीय हाइड्रोकार्बन के मुद्दों के साथ-साथ इस्पात क्षेत्र अनुबंधों पर चर्चा करेंगे।

4. ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों की बैठक कहां शुरू हुई_____**ब्राजीलिया।**

**नोट:**

- बैठक के बाद सभी 5 ब्रिक्स देशों की एजेंसियों के बीच व्यापार और निवेश प्रोत्साहन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।
- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।
- इसके बाद, ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे, जहां विचार-विमर्श स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा क्षेत्र में एक-दूसरे की क्षमताओं के उपयोग पर केंद्रित होगा।

5. **ग्लोबल एक्जीबीशन ऑन सर्विसेज (GES) - 2019** का पांचवा संस्करण कहां आयोजित किया जाएगा ______**बेंगलुरू।**

**नोट:**

- ग्लोबल एक्जीबीशन ऑन सर्विसेज (GES) एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में उद्योग और सरकारों को काम में व्यस्त रखना और भारत और शेष दुनिया के बीच सेवा व्यापार में बृहत्तर वस्तु विनिमय को बढ़ावा देना है।
- GES 2019 वैश्विक क्षेत्र में भारतीय सेवाओं को बढ़ाना, 100 देशों की भागीदारी को शामिल करना और क्षेत्र-विशिष्ट ज्ञान सत्र आयोजित करने का प्रयास है।
- भारत उड्डयन और अंतरिक्ष कार्यक्रम, अवसंरचना, और दूरसंचार परियोजनाओं जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश और साझेदारी को आकर्षित करना चाहता है।

6. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया___**ब्राजीलिया।**

**नोट:**

- ब्रिक्स बिजनेस फोरम ब्रिक्स देशों के बीच व्यापारिक सहयोग को बढ़ाएगा और न्यू डेवलपमेंट बैंक के साथ संबंधों को गहरा करेगा।
- इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय "एक अभिनव भविष्य के लिए आर्थिक विकास" (Economic Growth for an Innovative Future) है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ब्रिक्स पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को साथ लाता है, जिनका वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सा 23% और विश्व व्यापार में हिस्सा लगभग 17% है।

**7.** वर्ष 2020 में **19वीं शंघाई सहयोग संगठन शासनाध्यक्ष परिषद** की मेजबानी कौन करेगा ___ **भारत।**

**नोट:**

- यह वर्ष 2017 में समूह में शामिल होने के बाद नई दिल्ली द्वारा आयोजित होने वाली आठ सदस्यीय समूह की पहली उच्च स्तरीय बैठक है।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** पश्चिम बंगाल के लेखक जिन्होंने ढाका लिट-फेस्ट में पुरस्कार जीता _____ **अभिषेक सरकार।**

**नोट:**

- पश्चिम बंगाल के लेखक अभिषेक सरकार और बांग्लादेशी कवि रोफिकुज्जमान रोनी को क्रमश: जेमकोन यंग लिटरेचर अवार्ड और जेमकोन यंग पोएट्री अवार्ड दिया गया।
- अभिषेक और रोफिकुज़्ज़मान ने अपनी रचना, "निशिधो" और "धोशर तामते रोंग" के लिए पुरस्कार जीते।
- इस वर्ष का लिट-फेस्ट स्वदेशी भाषाओं पर केंद्रित है क्योंकि यूनेस्को ने वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषा संरक्षण के वर्ष के रूप में चुना है।

2. राजस्थान पत्रिका समूह के अध्यक्ष जिन्हें **राजा राम मोहन राय पुरस्कार** प्रदान किया जाएगा ____**गुलाब कोठारी।**

**नोट:**

- श्री कोठारी को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया।

**3.** TVS मोटर कंपनी के अध्यक्ष जिन्हें **डेमिंग डिस्टिंग्विशट सर्विस अवार्ड** से सम्मानित किया गया_____ **श्रीनिवासन।**

**नोट:**

- **वेणु श्रीनिवासन** (TVS मोटर कंपनी और सुंदरम क्लेटन के अध्यक्ष) को प्रवासी प्रसार और प्रचार के लिए प्रतिष्ठित **डेमिंग डिस्टिंग्विशट सर्विस अवार्ड** से सम्मानित किया गया।
- श्रीनिवासन भारत के पहले उद्योगपति हैं जिन्हें पूर्ण गुणवत्त प्रबंधन (TQM) के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

4. **सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल** (SIFF) में **लेस्ली हो एशियन फिल्म टैलेंट अवार्ड** से किन्हें सम्मानित किया जाएगा _____ **नवाजुद्दीन सिद्दीकी।**

**नोट:**

- उन्हें उनकी नेटफ्लिक्स की एमी अवॉर्ड नामित सीरीज सेक्रेड गेम्स के लिए सम्मानित किया जाएगा।
- इससे पहले, नवाजुद्दीन सिद्दीकी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सिनेमा में उत्कृष्टता के लिए कार्डिफ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ड्रैगन अवार्ड से सम्मानित किया गया था।
- लेस्ली हो एशियन फिल्म टैलेंट अवार्ड वैश्विक मंच पर सबसे सम्मानित पुरस्कारों में से एक है।

5. वन्यजीव जीवविज्ञानी जिन्हें वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के **जॉर्ज स्कॉलर लाइफटाइम अवार्ड** से सम्मानित किया गया _____**के. उल्लास कारंथ।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- **के. उल्लास कारंथ** को संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- उनके शोध को बाघों के पारिस्थितिकी विज्ञान, भक्षय-भक्षक आबादी पारिस्थितिकी, समस्थानिक शिकारियों और अन्य बड़े स्तनधारियों पर ध्यान केंद्रित करने और मानव-वन्यजीव संघर्षों के न्यूनीकरण के साथ पथप्रदर्शक और अभूतपूर्व योगदान के रूप में वर्णित किया गया है।
- यह पुरस्कार वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी (WCS), न्यूयॉर्क द्वारा स्थापित किया गया है।

**6.** लेखिका, अनुवादक और फिल्म समीक्षक जिन्हें **टाटा लिटरेचर लाइव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2019** से सम्मानित किया गया ___ **शांता गोखले।**

**नोट:**

- कवि के. सच्चिदानंदन को टाटा लिटरेचर लाइव! पोएट लॉरेट 2019 पुरस्कार दिया गया।
- हाल ही में, गोखले ने अपने वृत्तांत 'वन फुट ऑन द ग्राउंड: ए लाइफ टोल्ड थ्रू द बॉडी' को प्रकाशित किया।
- सच्चिदानंदन ने विदेशों में कई साहित्यिक बैठकों में देश का प्रतिनिधित्व किया और कई राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थानों का नेतृत्व किया।

7. असम में प्रतिष्ठित **मुनीन बारकोटोकी साहित्यिक पुरस्कार 2018** किस युवा लेखक-समालोचक को दिया गया ____ **डॉ. देवभूषण बोरा।**

**नोट:**

- उन्हें साहित्यिक समालोचना पर उनकी पुस्तक 'निबचन' के लिए सम्मानित किया गया।
- इस पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र और पट्टिका के साथ 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- मुनीन बारकोटोकी मेमोरियल ट्रस्ट ने असमिया भाषा में युवा और होनहार लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए इस वार्षिक पुरस्कार की शुरुआत की घोषणा की।

## खेल समाचार

**1.** **100 T-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच** खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी और विश्व क्रिकेट में दूसरे व्यक्ति ___ **रोहित शर्मा।**

**नोट:**

- उन्होंने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे मैच में टीम की कप्तानी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।
- पाकिस्तान के शोएब मलिक 111 मैचों के साथ एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 100 से अधिक T-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

**2.** भारत **2023 पुरुष हॉकी विश्व कप** की मेजबानी कब करेगा ____ **13 से 29 जनवरी।**

**नोट:**

- स्विट्जरलैंड के लुसाने में FIH के कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया।
- पुरुष और महिला विश्व कप दोनों के स्थानों की घोषणा बाद में मेजबान देशों द्वारा की जाएगी।

**3.** दो बार की ओलंपिक चैंपियन जो अपनी नेत्र दृष्टि को लेकर आशंकाओं के कारण सन्यास लेंगी __**निकोला एडम्स।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- निकोला एडम्स लंदन 2012 में पहली बार महिला ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन बनीं थीं।
- एडम्स ने वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में अपना खिताब सफलतापूर्वक हासिल किया।

**4.** चाइना ओपन 2019 किसने जीता ___ **केंटो मोमोटा।**

**नोट:**

- जापान के **केंटो मोमोटा** (वर्ल्ड नंबर -1 खिलाड़ी) ने ताइवान के टीएन-चेन (वर्ल्ड नंबर -2) को हराकर अपना फ़ूझौ चाइना ओपन बैडमिंटन खिताब बरकरार रखा।
- चीनी खिलाड़ी चेन युफेई ने जापान की नोजोमी ओकुहारा पर जीत के साथ महिलाओं का खिताब हासिल किया।
- चेन युफेई ने ओकुहारा को 21-9, 21-12, 21-18 से हराया।

**5.** **एशियाई चैंपियनशिप** में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक किसने हासिल किया ___ **सौरभ चौधरी।**

**नोट:**

- **सौरभ चौधरी** ने दोहा में आयोजित **14वीं एशियाई चैंपियनशिप** में भारत की बढ़त कायम रखने के लिए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।
- कोरिया के किम सॉन्ग गुक ने विश्व रिकॉर्ड 246.5 के साथ शीर्ष पुरस्कार जीता।
- ईरान के फोरोउघी जावेद ने कांस्य जीता।
- भारत ने प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप में छह ओलंपिक कोटा जीते, जिससे ओलंपिक कोटों की कुल संख्या 15 हो गई।

**6.** दुबई में आयोजित **वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप** में पुरुषों की F46 भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक किसने जीता ___ **सुंदर सिंह गुर्जर।**

**नोट:**

- गुर्जर ने शीर्ष स्थान हासिल करते हुए सत्र में 61.22 मीटर के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- जबकि, योगेश कथुनिया ने कल पुरुषों की डिस्कस थ्रो F-56 स्पर्धा में 42.05 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ भारत के लिए रजत हासिल किया।

**7.** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक बनाने वाली सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर ___ **शैफाली वर्मा (15-वर्ष और 285 दिन)।**

**नोट:**

- वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले T20 अंतर्राष्ट्रीय में शैफाली वर्मा के 73 रन (49-गेंद) बनाते हुए सचिन तेंदुलकर के 30 वर्ष पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।
- शैफाली ने दिग्गज बल्लेबाज तेंदुलकर को पछाड़ कर यह उपलब्धि हासिल की, जिन्होंने 16 वर्ष और 214 दिन की आयु में अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया था।

**--------------0--------------**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co